Cambridge Assessment International Education

# Cambridge International A Level

**HINDI** **9687/04**

Paper 4 Texts **October/November 2023**

**2 hours 30 minutes**

*6350250520*

You must answer on the enclosed answer booklet.

You will need: Answer booklet (enclosed)

**INSTRUCTIONS**
- Answer **three** questions in total in **Hindi**, each on a different text:
  Answer **at least one question** from Section 1.
  Answer **at least one question** from Section 2.
  Answer **one other question** from **either** Section 1 **or** Section 2.
- Follow the instructions on the front cover of the answer booklet. If you need additional answer paper, ask the invigilator for a continuation booklet.
- Dictionaries are **not** allowed.
- You may **not** take set texts into the examination.

**INFORMATION**
- The total mark for this paper is 75.
- Each question is worth 25 marks.

**निर्देश**
- कुल **तीन** प्रश्नों के उत्तर **हिन्दी** में दें, प्रत्येक भिन्न-भिन्न विषय पर:
  खंड 1 में से **कम से कम एक प्रश्न** का उत्तर दें।
  खंड 2 में से **कम से कम एक प्रश्न** का उत्तर दें।
  खंड 1 **या** 2 में से **एक और प्रश्न** का उत्तर दें।
- उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर दिये गये निर्देशों का अनुसरण करें। यदि आपको अतिरिक्त उत्तर-पुस्तिका चाहिए तो निरीक्षक से माँग लें।
- शब्दकोश के प्रयोग की अनुमति **नहीं** है।
- आप परीक्षा में निर्धारित पाठ्य-पुस्तक **नहीं** ले जा सकते हैं।

**सूचना**
- इस परीक्षा के कुल अंक 75 हैं।
- प्रत्येक प्रश्न के 25 अंक हैं।

This document has **8** pages. Any blank pages are indicated.


© UCLES 2023

**उत्तर-पुस्तिका के लिए निर्देश**

काली या गहरी नीली स्याही वाली कलम का प्रयोग करें।

आप किसी भी आरेख या ग्राफ के लिए एचबी पेंसिल का उपयोग कर सकते हैं।

उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर दिये गये निर्देशों का अनुसरण करें। निर्देश नीचे **हिन्दी** में भी दिए गए हैं।


यदि आपको अतिरिक्त उत्तर-पुस्तिका चाहिए तो निरीक्षक से माँग लें।

मिटने वाले पेन या करेक्शन्-फ़्लूइड का प्रयोग **न** करें।

किसी भी बारकोड पर **न** लिखें।

अपने उत्तर इस पुस्तिका में लिखें। पृष्ठ के दोनों भागों का प्रयोग करें। प्रत्येक प्रश्न के उत्तर के बीच में दो रेखाएं रिक्त छोड़ दें।

जिस प्रश्न का आप उत्तर दे रहे हैं उसकी संख्या पहले हाशिये में लिखें।




आप जिन प्रश्नों का उत्तर दे रहे हैं उनमें यदि भाग शामिल हैं, उदाहरण के लिए 1(ए), तो दूसरे हाशिये में प्रश्न का भाग लिखें।

इस उत्तर पुस्तिका में अपना सभी कच्चा काम पेन से करें। अपठनीय किए बिना ऐसा कुछ भी काट दें जिसे आप **नहीं** चाहते हैं कि परीक्षक चिन्हित करे।

इस पुस्तिका के किसी भी भाग को **न** फाड़ें।

आप अपने सारे पेपर जमा कर दें। यदि आपने किसी अतिरिक्त पुस्तिका का उपयोग किया है, तो उसे इस पुस्तिका के अंदर डालें।

**BLANK PAGE**

किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए, प्रत्येक प्रश्न भिन्न-भिन्न पाठ्य-पुस्तक से चुना जाना चाहिए। **भाग 1** से **एक** प्रश्न, **भाग 2** से **एक** प्रश्न करना अनिवार्य है और **तीसरा** प्रश्न किसी भी भाग से चुना जा सकता है। अपने उत्तर दी गई उत्तर-पुस्तिका पर **हिन्दी** में लिखें।

## भाग 1

**1 सूरसागर सार - सूरदास और श्रीरामचरितमानस - तुलसीदास**

प्रश्न **(a)** और **(b)** में से **केवल एक प्रश्न** का उत्तर दीजिए। प्रत्येक उत्तर **500** से **600** शब्दों के बीच होना चाहिए।

**(a)** मैया मैं नहिँ माखन खायौ।
ख़्याल परैं ये सखा सबै मिलि मेरैं मुख लपटायौ।
देखि तुहीं सींकै पर भाजन, ऊँचे धरि लटकायौ।
हौं जु कहत नान्हे कर अपनैं मैं कैसें करि पायौ।
मुख दधि पोंछि, बुद्धि इक कीन्ही, दोना पीठि दुरायौ।
डारि साँटि मुसुकाइ जसोदा, स्यामहिँ कंठ लगायौ।
बाल-बिनोद मोद मन मोह्यौ, भक्ति प्रताप दिखायौ।
सूरदास जसुमत कौ यह सुख, सिव बिरंचि नहिँ पायौ।।60॥

गोकुल लीला

उपर्युक्त पद की सप्रसंग व्याख्या करते हुए उसके भावपक्ष की विशेषता पर प्रकाश डालिए। [25]

**या**

**(b)** बालकाण्ड में तुलसीदास ने श्रीराम नाम की प्रशस्ति किस प्रकार से की है? पाठ्यक्रम के निर्धारित अंशों के आधार पर लिखिए। [25]

## 2 प्रसाद, निराला, महादेवी, पंत की श्रेष्ठ रचनाएँ

प्रश्न **(a)** और **(b)** में से **<u>केवल एक प्रश्न</u>** का उत्तर दीजिए। प्रत्येक उत्तर **500** से **600** शब्दों के बीच होना चाहिए।

**(a)** अभी न होगा मेरा अंत

अभी-अभी ही तो आया है
मेरे वन में मृदुल वसंत -
अभी न होगा मेरा अंत

हरे-हरे ये पात,
डालियाँ, कलियाँ कोमल गात!

मैं ही अपना स्वप्न-मृदुल-कर
फेरूँगा निद्रित कलियों पर
जगा एक प्रत्यूष मनोहर

पुष्प-पुष्प से तंद्रालस लालसा खींच लूँगा मैं,
अपने नवजीवन का अमृत सहर्ष सींच दूँगा मैं,

द्वार दिखा दूँगा फिर उनको
हैं मेरे वे जहाँ अनंत-
अभी न होगा मेरा अंत।

मेरे जीवन का यह है जब प्रथम चरण,
इसमें कहाँ मृत्यु?
है जीवन ही जीवन
अभी पड़ा है आगे सारा यौवन
स्वर्ण-किरण कल्लोलों पर बहता रे, बालक-मन,

मेरे ही अविकसित राग से
विकसित होगा बंधु, दिगंत;
अभी न होगा मेरा अंत। ध्वनि

उपर्युक्त कविता की सप्रसंग व्याख्या करते हुए कविता की मुख्य संवेदना और 'मेरे ही अविकसित राग से विकसित होगा बंधु दिगंत' से कवि के तात्पर्य का स्पष्टीकरण कीजिए। [25]

**या**

**(b)** महादेवी वर्मा की कविता की विशेषता प्रकृति से प्रतीक लेकर आंतरिक संवेदना की अभिव्यक्ति करना है। पाठ्यक्रम के उदाहरण सहित लिखिए। [25]

## 3 साकेत - मैथिलीशरण गुप्त

प्रश्न **(a)** और **(b)** में से **<u>केवल एक प्रश्न</u>** का उत्तर दीजिए। प्रत्येक उत्तर **500** से **600** शब्दों के बीच होना चाहिए।

**(a)**

विरह संग अभिसार भी,
भार जहाँ आभार भी।
मैं पिंजड़े में पड़ी हूँ किंतु खुला है द्वार भी,
काल कठिन क्यों न हो किंतु है मेरे लिए उदार भी!
जहाँ विरह ने गार दिया है किया वहाँ उपकार भी,
सुधबुध हर ली किंतु दिया है कालज्ञान विचार भी।
जना दिया है उसने मुझको जनजीवन है भार भी,
और मरण? वह बन जाता है कभी हिये का हार भी।
जाना मैंने इस उर में थी ज्वाला भी जलधार भी,
प्रिय ही नहीं यहाँ मैं भी थी, और एक संसार भी!

नवम सर्ग

उपर्युक्त काव्यांश की सप्रसंग व्याख्या करते हुए उर्मिला के कथन, 'जहाँ विरह ने गार दिया है किया वहाँ उपकार भी, सुधबुध हर ली किंतु दिया है कालज्ञान विचार भी' में उर्मिला की मनोदशा का स्पष्टीकरण कीजिए। [25]

**या**

**(b)** 'हिंदी साहित्य में ब्रजभाषा की जगह खड़ी बोली को कविता की भाषा के रूप में स्थापित करने में गुप्त जी का महत्वपूर्ण योगदान है।' इस कथन की पुष्टि पाठ्यक्रम में निर्धारित अंशों की भाषा के उदाहरण सहित कीजिए। [25]

© UCLES 2023

# **<u>भाग 2</u>**

## 4 स्कंदगुप्त - जयशंकर प्रसाद

प्रश्न **(a)** और **(b)** में से **<u>केवल एक प्रश्न</u>** का उत्तर दीजिए। प्रत्येक उत्तर **500** से **600** शब्दों के बीच होना चाहिए।

**(a)** ‘स्कंदगुप्त’ नाटक के प्रमुख पात्र स्कंदगुप्त का चरित्र-चित्रण कीजिए। [25]

**या**

**(b)** ‘स्कंदगुप्त’ नाटक के आधार पर लिखिए कि प्रसाद ने उसमें अंतर्द्वंद्व और बहिर्द्वंद्व को किस प्रकार चित्रित किया है। [25]

## 5 आधुनिक कहानी संग्रह - संपादक सरोजिनी शर्मा

प्रश्न **(a)** और **(b)** में से **<u>केवल एक प्रश्न</u>** का उत्तर दीजिए। प्रत्येक उत्तर **500** से **600** शब्दों के बीच होना चाहिए।

**(a)** मृणाल पांडे की ‘दुर्घटना’ कहानी में दुर्घटना केवल एक सड़क पर ही नहीं हुई, बल्कि पारिवारिक सम्बंधों के टूटने में भी हुई है। कहानी के आधार पर लिखिए। [25]

**या**

**(b)** प्रेमचंद की कहानी ‘पूस की रात’ के हल्कू का चरित्र चित्रण कीजिए। [25]

## 6 मॉरिशसीय हिंदी कहानियाँ - सम्पादक: अभिमन्यु अनत

प्रश्न **(a)** और **(b)** में से **<u>केवल एक प्रश्न</u>** का उत्तर दीजिए। प्रत्येक उत्तर **500** से **600** शब्दों के बीच होना चाहिए।

**(a)** पुष्पा बम्मा की ‘फिसलन’ कहानी युवा पीढ़ी के असंतोष और कुंठा को चित्रित करने में कहाँ तक सफल है? [25]

**या**

**(b)** ‘एम बी ई’ कहानी की त्रासदी किस सामाजिक समस्या को संबोधित करती है? [25]

BLANK PAGE

Permission to reproduce items where third-party owned material protected by copyright is included has been sought and cleared where possible. Every reasonable effort has been made by the publisher (UCLES) to trace copyright holders, but if any items requiring clearance have unwittingly been included, the publisher will be pleased to make amends at the earliest possible opportunity.

To avoid the issue of disclosure of answer-related information to candidates, all copyright acknowledgements are reproduced online in the Cambridge Assessment International Education Copyright Acknowledgements Booklet. This is produced for each series of examinations and is freely available to download at www.cambridgeinternational.org after the live examination series.

Cambridge Assessment International Education is part of Cambridge Assessment. Cambridge Assessment is the brand name of the University of Cambridge Local Examinations Syndicate (UCLES), which is a department of the University of Cambridge.